उत्तराखंड में मेडिकल छात्रों को डिजी लॉकर से मिलेंगी डिग्रियाँ

चर्चा में क्यों?

17 जून, 2023 को उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि उच्च शिक्षा की तर्ज़ पर अब प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस छात्र-छात्राओं को डिजी लॉकर के माध्यम से डिग्रियाँ व अन्य शैक्षिक प्रमाण-पत्र मिलेंगे। इस संबंध में उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय को शीघ्र डिजी लॉकर के लिये सिस्टम तैयार करने के निर्देश दिये गए हैं।

प्रमुख बिंदु

- इसके अलावा प्रदेश के सभी अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्र एक रंग में नज़र आएंगे। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को कलर कोड तय करने को कहा गया है, जिससे सभी चिकित्सा इकाइयों में एकरूपता देखने को मिल सके।
- बैठक में बताया गया कि मेडिकल छात्र-छात्राओं के शैक्षिक प्रमाण-पत्र डिजी लॉकर पर उपलब्ध होंगे, जिससे कभी भी मेडिकल छात्र अपनी डिग्री और अन्य शैक्षिक प्रमाण-पत्र डाउनलोड कर सकें।
- स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा का डिजिटिलीकरण करते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेजों व नर्सिंग कॉलेजों को ई-ग्रंथालय पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जिससे मेडिकल के छात्र-छात्राओं को किताबों की कमी से न जूझना पड़े।
- ई-ग्रंथालय पोर्टल पर छात्र-छात्राओं को पाठ्यक्रम संबंधी पुस्तक के अलावा शोधपत्र भी ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा छात्रों को देश-विदेश के मेडिकल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों से भी जुड़ने का अवसर मिलेगा।
- राज्य में अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में रोगी पंजीकरण शुल्क की दर एक समान की जाएगी। इसके लिये शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाएगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/medical-students-in-uttarakhand-will-get-degrees-from-digi-locker